SERVIZIO SANITARIO REGIONALE
EMILIA-ROMAGNA
Azienda Unità Sanitaria Locale di Reggio Emilia
IRCCS Istituto in tecnologie avanzate e modelli assistenziali in oncologia

# कोलोनोस्कोपी की तैयारी

**परीक्षण करने, आंत को देखने और जरुरत होने पर किसी पॉलिप को निकालने के लिए आंतों की सफाई मूलभूत आवश्यकता होती है।**

तैयारी के दौरान तथा परीक्षण के दिन, **आप अपने वर्तमान उपचार** (अपने हृदय, श्वसन, रक्तचाप, परिसंचरण, एंटीप्लेटलेट के लिए दवा आदि) को जारी रख सकते हैं, **हालाँकि, दवाई आपके एंडोस्कोपिक परीक्षण के शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले ली जानी चाहिए।**

**उपचार जिनको निलंबित या संशोधित किये जाने की आवश्यकता है वे केवल थक्कारोधी उपचार (कौमाडिन, सिंट्रोम, नए मौखिक थक्कारोधी आदि) हैं। रेफेरेंस केंद्र (आमतौर पर हेमोस्टेसिस केंद्र) के निर्देशानुसार जिससे रोगी को परीक्षण से पहले संपर्क करना चाहिए।**

तैयारी के अलावा, अन्य कोई भी रेचक लेने की आवश्यकता नहीं है।

## आंतों की सफाई के लिए सामान्य सुझाव

1. परीक्षण से पहले 3 दिन तक बीज वाले फल (जैसे कीवी, स्ट्रॉबेरी, अंगूर, तरबूज, और सब्जियाँ (जैसे टमाटर, सलाद, जुकीनी आदि) न खाएं क्योंकि इससे परीक्षण करना मुश्किल हो सकता है।
2. परीक्षण से पहले दिन हल्का भोजन (जैसे सूप, मांस शोरबा...) खाएं।
3. यदि आप चाहते हैं तो तैयारी करते समय और परीक्षण के अपॉइंटमेंट से दो घंटे पहले तक आप पानी, चाय, कैमोमाइल, चीनी के साथ पी सकते हैं। तैयारी शुरू होने के बाद कुछ भी न खाएं। उत्पाद लेते समय मितली या बेचैनी की भावना सामान्य है और चिंता का विषय नहीं है। आपको बस उत्पाद को और अधिक धीरे-धीरे पीने की जरूरत है (फ्रिज में रखे जाने पर यह अधिक सुखद लग सकता है) और आप इसे अन्य पेयों (चाय, कैमोमाइल, आदि) के साथ मिलाकर बेहतर स्वाद दे सकते हैं।
   महत्वपूर्ण लक्षणों के लिए अपने डॉक्टर से संपर्क करें।
4. परीक्षण को सही से करने के लिए सारे उत्पाद को निर्देशानुसार लिया जाना जरुरी है, उत्पाद को अधूरा लेने से कोलोनोस्कोपी की सटीकता कम हो जाती है और परीक्षण को पुनः करने की आवश्यकता हो सकती है।
5. कोलोनोस्कोपी को किए जाने के 2 से 4 घंटे पहले तक आपको सारा उत्पाद ले लिया होना चाहिए।
6. यदि, उत्पाद खत्म करने के बाद मल हल्का/पीला और तरल नहीं हुआ है तो आप और उत्पाद ले सकते हैं या कम से कम पारदर्शक पेय (पानी, चाय, कैमोमाइल) पी सकते हैं।

### उपलब्ध उत्पाद

- अत्यधिक निम्न मात्रा के उत्पाद: **PLENVU** (PEG और एस्कॉर्बिक अम्ल पर आधारित)
- निम्न मात्रा के उत्पाद: **CLENSIA** (PEG और साइट्रिक अम्ल पर आधारित), **MOVIPREP** (PEG और एस्कॉर्बिक अम्ल पर आधारित)
- उच्च मात्रा उत्पाद: **SELG ESSE** (पोलीईथीलीनग्लाइकोल-PEG और सोडियम सल्फेट पर आधारित)

### महत्त्वपूर्ण:

- **PLENVU, CLENSIA और MOVIPREP कब्ज वाले रोगियों** (प्रति सप्ताह 3 से कम बार मल त्याग) **के लिए उचित नहीं हैं**
- **PLENVU और MOVIPREP फेनिलकेटोनूरिया और ग्लूकोज-6-फॉस्फेट डिहाइड्रोजनेज की कमी वाले रोगियों को नहीं दिए जाते हैं**
- **गंभीर हृदय या गुर्दे की बीमारी वाले रोगियों को अपने संदर्भ विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए** (इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन को बनाये रखने के लिए)।

# PLENVU

**उत्पाद का सेवन कैसे करें**

- **खुराक 1** को आधे घंटे के अंदर आधे लीटर पानी में घोलकर पीयें और फिर आधा लीटर पानी पीयें
- **खुराक 2A+2B** को आधे लीटर पानी में घोलकर पीयें और फिर आधा लीटर पानी पीयें

**उत्पाद कब लें:**

| **कोलोनोस्कोपी का समय** | **परीक्षण से पहले की शाम** | **परीक्षण की सुबह** |
|---|---|---|
| **सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक** | **शाम 7 बजे से 8 बजे तक खुराक 1** को 30 मिनट के समय में आधे लीटर पानी में घोलकर पीयें और फिर आधा लीटर पानी पीयें | **सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक खुराक 2A+2B** को 30 मिनट के समय में पीयें (खुराक 2A और खुराक 2B की सामग्री को आधे लीटर पानी में साथ में मिला लें) और फिर 1 लीटर पानी पीयें |
| **दोपहर 2 बजे के बाद** | | **सुबह 7** बजे **खुराक 1** को 30 मिनट के समय में आधे लीटर पानी में घोलकर पीयें और फिर आधा लीटर पानी पीयें<br>**सुबह 8 बजे खुराक 2A+2B** को 30 मिनट के समय में पीयें (खुराक 2A और खुराक 2B की सामग्री को आधे लीटर पानी में साथ में मिला लें) और फिर 1 लीटर पानी पीयें |

**ध्यान दें: खुराकों की क्रम को बदलें नहीं,** पहले खुराक 1 और फिर खुराक 2A+2B।

# CLENSIA और MOVIPREP

**उत्पाद का सेवन कैसे करें**

**CLENSIA -** पैकेट में **4 बड़े A बैग और 4 छोटे B पाउच** हैं।
**1 लीटर उत्पाद बनाने के लिए 2 A बैग और 2 B पाउच** को 1 लीटर पानी में घोलें। कोलोनोस्कोपी के समय के अनुसार तालिका में निर्देशानुसार उत्पाद पीयें।

**MOVIPREP:** पैकेट में **2 पारदर्शी बैग हैं जिनमें प्रत्येक बैग में एक बड़ा A बैग और एक छोटा B पाउच** है।
**1 लीटर उत्पाद बनाने के लिए एक A बैग और एक B पाउच को** (पूरी तरह घुलने तक - पारदर्शी घोल) **1 लीटर पानी में घोलें**। कोलोनोस्कोपी के समय के अनुसार तालिका में निर्देशानुसार उत्पाद को पीयें।

**उत्पाद को कब लें:**

| **कोलोनोस्कोपी का समय** | **परीक्षण से पहले की शाम** | **परीक्षण की सुबह** |
|---|---|---|
| **सुबह 8 बजे से सुबह 10 बजे तक** | **शाम 8 बजे से 9 बजे तक 1 लीटर उत्पाद पीयें** और फिर आधा लीटर पानी पीयें | **सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक 1 लीटर उत्पाद पीयें** और फिर आधा लीटर पानी पीयें |
| **सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक** | **शाम 8 बजे से 9 बजे तक 1 लीटर उत्पाद पीयें** और फिर आधा लीटर पानी पीयें | **सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 1 लीटर उत्पाद पीयें** और फिर आधा लीटर पानी पीयें |
| **दोपहर 2 बजे के बाद** | | **सुबह 8 बजे से 10 बजे तक 2 लीटर उत्पाद पीयें** और फिर एक लीटर पानी पीयें |

# SELG ESSE

**उत्पाद का सेवन कैसे करें**

- सभी 4 बैगों को 1 लीटर नॉन-कार्बोनेटेड पानी या पारदर्शी तरल पदार्थ में घोलें (कुल 4 लीटर)।

**उत्पाद को कब लें:**

| **कोलोनोस्कोपी का समय** | **परीक्षण से पहले की शाम** | **परीक्षण की सुबह** |
|---|---|---|
| **सुबह 8 बजे से सुबह 10 बजे तक** | शाम 7 बजे से 10 बजे तक 3 लीटर उत्पाद | सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक 1 लीटर उत्पाद |
| **सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक** | शाम 7 बजे से 9 बजे तक 2 लीटर उत्पाद | सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे तक 2 लीटर उत्पाद |
| **दोपहर 2 बजे के बाद** | | सुबह 7 बजे से 11 बजे तक 4 लीटर उत्पाद |